>

Ttile: Regarding

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, धन्यवाद । छपरा से दुर्ग के लिए सारनाथ एक्सप्रेस रात को चलती है और प्रात: पहुंचती है, उसके बाद दिन भर खड़ी रहती है । फिर दुर्ग से आठ बजे निकलती है, यदि सारनाथ एक्सप्रेस को गोंदिया से कर दिया जाए तो बीच के तीन स्टेशन के समय का भी सदुपयोग हो जाएगा । राजनंदगाँव एक जिला है, जहां से बहुत यात्री आते-जाते हैं ।

वहां एक फुटओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, राजनंदगाँव की जनसंख्या के हिसाब से उसकी चौड़ाई बहुत कम है । अभी निर्माण के समय ही इस पर ध्यान दिया जाए तो बहुत अच्छा होगा ।

डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल लाइन माननीय प्रधान मंत्री जी ने दी है, सब कुछ हो गया है, लेकिन काम की गति बहुत धीमी है, उसमें तेजी लाई जाए, यही निवेदन है ।